# जब जब तुझको देखूं दिल में आता है यह ख्याल क्यों

जब जब तुझको देखूं दिल में,
आता है यह ख्याल क्यों,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं।bd।

तर्ज – वाह वाह क्या बात है।

---

भोला भाला मुखड़ा तेरा,
देख दीवाना हो जाऊं,
नजर नहीं हटती तुम पर से,
दिल चाहे देखे जाऊं,
मन करता मैं हंसते हंसते,
मन करता मैं हंसते हंसते,
दिल में इसे उतार लूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं।bd।

---

कहते हैं अपनों की नजर ही,
सबसे पहले लगती है,
नजर ना लगे तुमको मेरी,
दिल में चिंता रहती है,
जतन करूं मैं कौन सा बाबा,
जतन करूं मैं कौन सा बाबा,
बतला दे एक बार तू,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं।bd।

---

हीरा मोती सोना चांदी,
बाबा मेरे पास नहीं,
कैसे नजर उतारू तेरी,
'सोनू' की औकात नहीं,
अगर कहे तो तन मन अपना,
अगर कहे तो तन मन अपना,
तेरे ऊपर वार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जब जब तुझको देखूं दिल में,
आता है यह ख्याल क्यों,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं,
नजरें उतार दूं, नजरें उतार दूं।**bd**।

**Singer: Vivek Agarwal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com